संजौली महाविद्यालय में "मां मुझे टैगोर बना दे" नाटक का मंचन

शिमला, 25 जुलाई 2025:

उत्कृष्ट शिक्षा केंद्र राजकीय महाविद्यालय संजौली के थिएटर क्लब और अंग्रेज़ी विभाग ने आज एक प्रेरणादायक एकल नाटक "मां मुझे टैगोर बना दे" का सफल मंचन करवाया। यह नाटक शिक्षा और दृढ़ता की एक मार्मिक कहानी थी, जिसे प्रख्यात कलाकार लकी गुप्ता ने प्रस्तुत किया। कॉलेज सभागार छात्रों से खचाखच भरा था, जिन्होंने नाटक का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में प्राचार्या प्रोफेसर भारती भागड़ा मुख्य अतिथि थी। उन्होंने नाटक की प्रशंसा की और शिक्षा एवं मनोरंजन के साधन के रूप में रंगमंच के महत्व पर बात की। उनके अलावा अन्य शिक्षक और गैर शिक्षक वर्ग भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। अंग्रेज़ी विभाग के अध्यक्ष प्रो. दीपक कपरेट और थिएटर क्लब के संयोजक डॉ. हर्षवर्धन सिंह खिम्टा ने मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। नाटक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और शिक्षा के महत्व तथा चुनौतियों का सामना करने की प्रेरणा दी।